ई.सी.ओ.– 02

स्नातक उपाधि कार्यक्रम
(बी.डी.पी.)

सत्रीय कार्य
2022–23

वाणिज्य में ऐच्छिक पाठ्यक्रम
ई.सी.ओ. – 02 : लेखाविधि – I

जुलाई 2022 तथा जनवरी 2023 प्रवेश सत्र के लिए

प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली –110068

वाणिज्य में ऐच्छिक पाठ्यक्रम
ई.सी.ओ.–02 : लेखाविधि–I

सत्रीय कार्य – 2022–23

प्रिय छात्र/छात्राओ,

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में स्पष्ट किया गया है, इस कार्यक्रम में आपको प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए एक सत्रीय कार्य करना है। सभी सत्रीय कार्य आपको एक साथ भेजे जा रहे हैं।

अंतिम परीक्षा में सत्रीय कार्य के लिए 30% अंक निर्धारित हैं। सत्रांत परीक्षा में बैठने योग्य होने के लिए यह आवश्यक है कि समय सूची के अनुसार आप इस सत्रीय कार्य को पूरा करके भेज दें। सत्रीय कार्य को करने से पहले आपको चाहिए कि कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, जिसे आपके पास अलग से भेजा गया है।

यह सत्रीय कार्य दो प्रवेश सत्र अर्थात् **(जुलाई 2022 और जनवरी 2023)** के लिए वैध है, इसकी वैधता निम्नलिखित है :–

1. जो **जुलाई 2022,** में पंजीकृत है उनकी वैधता **जून 2023** तक है।

2. जो **जनवरी 2023,** में पंजीकृत है उनकी वैधता **दिसम्बर 2023** तक है।

यदि आप जून सत्रांत परीक्षा में बैठना चाहते हैं तो इन्हें **15 मार्च** तक अवश्य जमा कर दें। यदि आप दिसम्बर सत्रांत परीक्षा में बैठना चाहते हैं तो आपके लिए आवश्यक है कि आप इसे **15 सितम्बर** तक अध्ययन केंद्र के संयोजक के पास जमा कर दें।

अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम का कोड	**:**	**ई. सी. ओ. -02**
पाठ्यक्रम का शीर्षक	**:**	**लेखाविधि - I**
सत्रीय कार्य का कोड	**:**	**ई. सी. ओ. -02/टी. एम. ए./ 2022-2023**
खण्डों की संख्या	**:**	**सभी खण्ड**

अधिकतम अंक : 100

सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. क) "लेजर को मुख्य लेखा बही कहा जाता है तथा लेन – देनों को सीधे लेजर में भी रिकॉर्ड किया जा सकता है" इस कथन की व्याख्या कीजिए तथा स्पष्ट कीजिए की जर्नल क्यों आवश्यक है । **(10+10)**

ख) बिल पर नोटिंग कराने का क्या उद्देश्य है ? क्या यह प्रतिज्ञा पत्र की स्थिति में आवश्यक होता है।

2. पूंजीगत तथा आय्गत मदों में अंतर क्यों महत्वपूर्ण है ? गलत वर्गीकरण लाभ के निर्धारण को किस प्रकार प्रभावित करता है, उदाहरण देकर समझाइए । **(20)**

3. बैंगलौर के क ने अपने एजेंट ख के पास 100 बैग सीमेंट बेचने के लिए परेषण पर भेजा A प्रत्येक बैग सीमेंट की लागत मूल्य रु. 120 था । तत्काल ही क ने ख के नाम रु. 5000 का 4 मास का बिल लेखा जिसे उसने बैंक से 6% प्रतिवर्ष की दर से भुनाया । क ने पैकिंग के लिए रु. 800 तथा ढुलाई के लिए रु. 250 का भुगतान किया । उसने प्रति बैग रु. 130 की दर से 20 बैग बेचा, प्रति बैग रु. 140 की दर से 50 बैग उधार बेचा तथा शेष माल को प्रति बैग रु. 135 की दर से अपने स्टॉक में ले लिया । **(20)**

परेषिती को 3% कमीशन मिलता है तथा उधार विक्रय पर 2% आश्वासी कमीशन मिलता है । ख को अपने देनदारों से रु. 500 के अतिरिक्त सभी प्राप्य राशि मिल गई । दोनों ही पक्षों की पुस्तकों में आवश्यक लेजर खाते बनाइए ।

4. अनुभागीय संतुलन प्रणाली क्या होती है ? यह स्व – संतुलन प्रणाली के किस प्रकार भिन्न होती है ? कुल देनदार खाते का प्रारूप बनाइए । **(20)**

5. निम्नलिखित के बीच अंतर कीजिए : **(10+10)**
क) व्यापार खाता और विनिर्माण खाता
ख) अनावर्ती एवं आवर्ती व्यय